संख्या: 107/2024/308/35-4-2024/35-4099/65/2024

प्रेषक,

अरुणेश कुमार द्विवेदी,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
सुलतानपुर ।

नियोजन अनुभाग- 4 लखनऊ; दिनांक: 07 मार्च, 2024

विषय:- जनपद- सुलतानपुर में वित्तीय वर्ष 2023-24 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत धनराशि की स्वीकृति ।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में जनपद सुल्तानपुर में शासनादेश संख्या- 493/2023/1180/35-4-2023, दिनांक 28.03.2023 द्वारा सड़क निर्माण से संबंधित कुल 10 कार्यों हेतु रू0 291.81 लाख की लागत पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त के रूप में रू0 145.91 लाख की धनराशि अवमुक्त की गई थी । यद्यपि प्रत्येक कार्य के सापेक्ष निर्गत धनराशि का कुल योग 145.905 लाख है |

जिलाधिकारी, सुलतानपुर के पत्रांक- 135/त्व०आ०वि०यो०/2023-24 दिनांक 16-02-2024 द्वारा उक्त शासनादेश से स्वीकृत 10 कार्यों की अनुमोदित लागत के सापेक्ष अद्यतन अवमुक्त की गई धनराशि का पूर्ण उपभोग किया जाना इंगित करते हुए अवशेष धनराशि अवमुक्त किये जाने का अनुरोध किया गया है।

एतद्द्वारा उपर्युक्त शासनादेश से स्वीकृत धनराशि को समायोजित करते हुए देय अवशेष धनराशि रू0 1,45,90,000/- (रूपये एक करोड़ पैंतालीस लाख नब्बे हजार मात्र) की धनराशि निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं-

(धनराशि रूपए लाख में)

क्र0	**कार्य का नाम**	**अनुमोदित धनराशि**	**प्रथम किस्त में अवमुक्त धनराशि**	**अवमुक्त धनराशि**
1.	विकास खण्ड लम्भुआ के अन्तर्गत नवगवां- बधूपुर पिचरोड से नवगवां प्राथमिक विद्यालय तक नवनिर्माण कार्य ।	27.70	13.85	13.85

1- **यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।**

2- **इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट** http://shasanadesh.up.gov.in **से सत्यापित की जा सकती है ।**

http://shasanadesh.up.gov.in

2.	विकास खण्ड- भदैयां के अन्तर्गत जुडारा चौराहे के पास से महानन्दपुर गाँव तक नवनिर्माण कार्य ।	27.68	13.84	13.84
3.	विकास खण्ड भदैयां के अन्तर्गत ग्राम श्रीपुर में इन्द्रजीत वर्मा के घर से सरस्वती शिशु मन्दिर खोरेपुर तक नवनिर्माण कार्य ।	27.88	13.94	13.94
4.	विकास खण्ड लम्भुआ के अन्तर्गत ग्राम बसावनपुर बेदूपारा- रानीपुर लिंक रोड से धनेछ दलित बस्ती तक नवनिर्माण कार्य ।	27.78	13.89	13.89
5.	विकास खण्ड पी०पी० कमैचा के अन्तर्गत मुनीपुर पक्की सड़क से बासूपुर तक नवनिर्माण कार्य ।	30.07	15.035	15.035
6.	विकास खण्ड पी०पी० कमैचा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत रामपुर में सोमवंशी का पुरवा पिच रोड से एन0एच0 731 तक नवनिर्माण कार्य।	35.68	17.84	17.84
7.	विकास खण्ड- भदैयां के अन्तर्गत परासिन बाईपास से राजाराम गुप्ता के घर से होते हुए रामकरन वर्मा के घर तक नवनिर्माण कार्य	27.36	13.68	13.68
8.	विकास खण्ड पी०पी० कमैचा के अन्तर्गत बसन्तलाल निषाद के घर से होते हुए मल्हीपुर सम्पर्क मार्ग तक नवनिर्माण कार्य ।	29.39	14.695	14.695
9.	विकासखण्ड पी०पी० कमैचा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सिंधौली में मेनरोड से ओ०पी० मौर्या के घर तक नवनिर्माण कार्य ।	27.04	13.52	13.52
10.	विकास खण्ड भदैयां के अन्तर्गत ग्राम सभा मझिलेगाँव का पुरवा रामपुर में विवेक वर्मा के घर से हंशराज वर्मा के घर की ओर नवनिर्माण कार्य।	31.23	15.615	15.615
	योग	291.81	145.905	145.905

1. उक्त सन्दर्भित शासनादेश दिनांक 28 मार्च, 2023 द्वारा रू0 145.91 लाख की धनराशि अवमुक्त की गई थी, जो कि प्रत्येक कार्य के सापेक्ष अंकित धनराशि के कुल योग से रु0 500/- (रु0 पाँच सौ मात्र) अधिक थी | पूर्व में निर्गत अतिरिक्त धनराशि रु0 500/- को समायोजित करते हुए धनराशि रू0 145.90 लाख अवमुक्त करने के आदेश वर्तमान में निर्गत किए जा रहे हैं | हस्तगत शासनादेश के आलोक में रू0 1,45,90,000/- (रूपये एक करोड़ पैंतालीस लाख नब्बे हजार मात्र) की धनराशि ही आहरित की जाए |

1- **यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।**

2- **इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट** http://shasanadesh.up.gov.in **से सत्यापित की जा सकती है ।**

http://shasanadesh.up.gov.in

2. उक्त सन्दर्भित शासनादेश दिनांक 28 मार्च, 2023 की शर्तें यथावत लागू रहेंगी।
3. प्रश्नगत कार्य हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि नियमानुसार संबंधित जनपद के जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा जिलाधिकारी की अनुमति से कोषागार से आहरित कर कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करा दी जायेगी।
4. परियोजना के लिये स्वीकृत धनराशि ब्याज अर्जित करने के उद्देश्य से आहरित कर बैंक/डाकघर में नहीं रखी जायेगी। प्रश्नगत धनराशि आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी और तदनुसार कार्यदायी संस्था को धनराशि अवमुक्त की जायेगी।
5. कार्यो को मानकों के अनुरूप पूर्ण गुणवत्ता के साथ स्वीकृत लागत में ही पूर्ण किया जायेगा और लागत वृद्धि अनुमन्य नहीं होगी |
6. स्वीकृत धनराशि का आहरण कर सदुपयोग सुनिश्चिमत किया जायेगा और यदि कोई धनराशि अप्रयुक्त/अनाहरित बचती है तो उसे 31 मार्च, 2024 से पूर्व समर्पित किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का पूरा लेखा-जोखा 31 मार्च, 2024 तक नियोजन अनुभाग-4 को प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।
7. राजकोष से आहरित धनराशि का त्रैमासिक आधार पर मिलान महालेखाकार उ0प्र0 में अनुरक्षित लेखों से अनिवार्यत: कराया जायेगा तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात 3 माह में अर्थात 30 जून, 2024 तक स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष हुए व्यय का महालेखाकार द्वारा सत्यापित विवरण नियोजन विभाग को प्रेषित किया जायेगा।
8. वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए स्वीकृत आय-व्ययक के सापेक्ष उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय करते समय वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या- 2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023 दिनांक 17 मार्च, 2023 एवं यथासंशोधित कार्यालय-ज्ञाप संख्या-10/2023/बी-1-602/दस-2023-231/2023 दिनांक 19.09.2023 में उल्लिखित शर्तो एवं निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2. इस संबंध में होने वाला व्यय धनराशि रू0 1,45,90,000/- (रूपये एक करोड़ पैंतालीस लाख नब्बे हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 040 लेखाशीर्ष 5054043370303 ग्रामीण क्षेत्रों में अधूरी सड़कों के लिए एकमुश्त व्यवस्था मानक मद 24- वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3. यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023 दिनांक 17 मार्च, 2023 एवं यथासंशोधित कार्यालय-ज्ञाप संख्या- 10/2023/बी-1-602/दस-2023-231/2023 दिनांक 19.09.2023 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,
अरुणेश कुमार द्विवेदी
संयुक्त सचिव ।

1- **यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।**

2- **इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट** http://shasanadesh.up.gov.in **से सत्यापित की जा सकती है ।**

संख्या- 107/2024/308(1)/35-4-2024/35-4099/65/2024, तद्दिनांक |

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2- महालेखाकार, लेखापरीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय, प्रयागराज।
3- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, लोक निर्माण विभाग/ग्रामीण अभियंत्रण विभाग ।
4- अपर मुख्य सचिव, वित्त एवं वित्त आयुक्त उ0प्र0शासन।
5- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव/विशेष सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 ।
6- निजी सचिव, मा. मुख्यमंत्री जी ।
7- मण्डलायुक्त, अयोध्या मण्डल।
8- निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, लखनऊ ।
9- मुख्य विकास अधिकारी, सुलतानपुर ।
10-मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, सुलतानपुर ।
11- संयुक्त निदेशक, स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन, नियोजन विभाग |
12-वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-5
13- जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, सुलतानपुर ।
14- अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, सुलतानपुर ।
15- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
अरुणेश कुमार द्विवेदी
संयुक्त सचिव ।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- **यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।**
2- **इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट** http://shasanadesh.up.gov.in **से सत्यापित की जा सकती है ।**